Regarding four lanning of NH 55

श्री रुद्र नारायण पाणी (धेन्कानल) : सभापति महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 55 के फोर लेनिंग का निर्माण-कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जाए । ऐसा मेरा निवेदन है और केंद्र सरकार से मांग भी है ।

महोदय, वर्ष 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार आने के बाद देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों का अत्यधिक विकास हुआ है । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ-साथ विभाग के मंत्री श्री नितिन जयराम गडकरी जी का सब लोग अत्यंत धन्यवाद करते हैं । लेकिन, यह दुर्भाग्य की बात है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 55 जो कटक के मंगुली से संबलपुर वाया ढेंकानाल और अंगुल तक जाती है, यहीं से मैं आता हूं ।

रेड़ाखोल होकर एनएच 55 की जो रोड जाती है, उसके फोर लेनिंग का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है । वर्ष 2017 की जुलाई में विभाग के मंत्री गडकरी साहब ने इस प्रकल्प का शुभ शिलान्यास किया था । अब तक 7 साल पूरे हो चुके हैं और इसका निर्माण कार्य चल रहा है ।

महोदय, अगर थोड़ी और गति दे दी जाएगी तो अंगुल का बाईपास देकर यातायात चालू भी हो सकता है । इससे बड़ी मात्रा में दिक्कतें कम हो जाएंगी । वहां हाथी जाता है । पथ और कतिपय नाले के ऊपर पुलों का युद्ध स्तर पर निर्माण किए जाने पर यह परियोजना शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण हो जाएगी ।

मेरा सरकार से निवेदन है कि इस कार्य में और विलम्ब को सहन न किया जाए । किसी भी स्तर में, किसी भी कारण, कोई भी विलम्ब को कतई बर्दाश्त न किया जाए । धेन्कानल टाउन के पास कॉलेज बाई पास है, वहां एक अंडर पास बना दिया जाए ।